आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail Ph 0141-2706550

क्रमांकः–एफ–8(विविध) अकाद/आकाशि/2019/ 29 दिनांकः–: 17 फरवरी 2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः–अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस दिनांक 21 फरवरी, 2021 को रविवार के अवकाश के कारण दिनांक 20 फरवरी, 2021 (शनिवार) को मनाये जाने के सम्बन्ध में।

विश्व में भाषायी एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले, इस प्रयोजन हेतु यूनेस्को ने विश्वभर में प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया हुआ है। मातृभाषा के अभाव में किसी भी सभ्यता के लिये अपनी परम्परा और संस्कृति को बनाये रख पाना एक चुनौती हो जाती है । यही वह एक मात्र जरिया है, जिसकी सहायता से मनुष्य न सिर्फ अपनी स्थानीयता को बरकरार रखता है, बल्कि वैश्विक परिवेश में भी अपनी उपस्थिति को प्रभावशाली तरीके से दर्ज करवाता है ।

इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी की पहल पर वर्ष 2003 में राजस्थान विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित करवाने के लिये संकल्प पारित कर केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भिजवाया हुआ है ।

यह दिवस हमारी मातृभाषा राजस्थानी से सम्बन्धित समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को ओर आगे ले जाने के लिये एक बहुत बड़ा अवसर है । इसी कड़ी में मेरा महाविद्यालय प्राचार्यों से आग्रह है कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस, 20 फरवरी को आप अपने महाविद्यालयों में राजस्थानी भाषा से जुड़े विभिन्न आयोजन कर इस दिवस को समारोहपूर्वक मनाएं । इसके तहत् महाविद्यालयों में मातृभाषा में वाद–विवाद, परिचर्चाएं, निबन्ध प्रतियोगिताओं, भाषण आदि के आयोजन किये जायें। यह सुनिश्चित किया जाये कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस से जुड़ी गतिविधियों में अधिकाधिक विद्यार्थियों की प्रतिभागिता हो। मातृभाषा राजस्थानी हमारे प्रदेश राजस्थान की प्राचीनतम् परम्पराओं, संस्कृति और जीवनानुभवनों की सूक्ष्मता से जुड़ी है । इसके अधिकाधिक प्रयोग में ही इसकी शब्दावली और जीवंत परम्परा को हम सदा के लिये सहेज रख पायेंगे ।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं ।

(संदेश नायक)
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा

क्रमांकः–एफ–8(विविध) अकाद/आकाशि/2019/ 29 दिनांकः–: 17 फरवरी 2021

प्रतिलिपि – निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर ।
2– वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर को अपलोड करने हेतु ।

17/02/21

(डॉ0 सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक